आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन



श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रशासकीय प्रतिवेदन

2021-22

श्री प्रेम सिंह पटेल
मंत्री, मध्यप्रदेश

"जिंदगी को हाँ और नशे को ना कहें"

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग

मध्यप्रदेश शासन

प्रशासकीय प्रतिवेदन
2021–2022

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग

"जिंदगी को हाँ और नशे को ना कहें"

विभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

माननीय मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ कैरम खेलते हुए

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग

विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन

2021–2022

मंत्रालय

माननीय मंत्री	श्री प्रेम सिंह पटेल
प्रमुख सचिव	श्री प्रतीक हजेला (IAS)
उप सचिव	श्री शीलेन्द्र सिंह (IAS)

विभागाध्यक्ष

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय	डॉ. ई. रमेश कुमार (IAS)
मिशन संचालक म.प्र.समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन	श्री नंदकुमारम (IAS)

अनुक्रमणिका

भाग – एक पृष्ठ

1. सामान्य जानकारी 1
2. विभाग की पृष्ठभूमि.....2
3. विभाग की प्रशासकीय संरचना 3
4. विभाग के दायित्व.....5
5. विभाग अंतर्गत कार्यरत विभिन्न कार्यालय 7
6. विभागीय कार्यक्रम.....8

भाग – दो

7. बजट प्रावधान, व्यय एवं जेण्डर बजट.....11

भाग – तीन

8. विभागीय कार्यक्रमों का विवरण
- दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम.....16
- सामाजिक सहायता कार्यक्रम.....20
- समाज रक्षा कार्यक्रम 26
- नशामुक्ति / कलापथक कार्यक्रम 29
- पुरस्कार योजनाएं.....31

9. मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम–2010 32
10. दिव्यांगजन हेतु राज्य आयुक्त.....33
11. मध्यप्रदेश समग्र सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम 35
12. मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग.....36

भाग – चार

13. सामान्य प्रशासनिक विषय 38
- संसदीय कार्य
- सूचना का अधिकार
- स्वीकृत पद, पदोन्नति, नियुक्ति, समयमान वेतनमान, अनुकम्पा नियुक्ति, सीएम हेल्पलाईन, विभागीय जांच न्यायालयीन प्रकरण

14. उपलब्धियां.....41

15. सारांश 42

16. सूची

i. दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत् शासकीय संस्थाएं.....43

ii. मध्यप्रदेश भिक्षावृति निवारण अधिनियम के तहत प्रदेश शासकीय संस्था 43

iii. दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत राज्य अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्था 44

iv. दिव्यांगता के क्षेत्र में जिला निराश्रित निधि से अनुदान /सहायता प्राप्त संचालित संस्था 45

v. अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से संचालित वरिष्ठ आश्रम.....46

vi. केन्द्रीय अनुदान से संचालित नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र (IRCA) अशासकीय संस्था 50

vii. केन्द्रीय अनुदान से संचालित आउटरीच एण्ड ड्राप इन सेंटर (ODIC) 51

viii. केन्द्रीय अनुदान से संचालित कम्युनिटी बेस्ड पियरलेड सेंटर (CPLI) 51

ix. जिले के संयुक्त संचालक तथा उप संचालक कार्यालय के दूरभाष नम्बर 52

————————

भाग - 1

मध्यप्रदेश एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग
सामान्य जानकारी

मध्यप्रदेश का भौगोलिक क्षेत्रफल (हजार वर्ग कि.मी.) 308

A. प्रशासन

1.	संचालनालय	1
2.	संभागीय कार्यालय	7
3.	जिला स्तरीय उप संचालक कार्यालय	45
4.	निःशक्त कल्याण की शासकीय संस्थाऐं	20
5.	भिक्षुक गृह	1
6.	वरिष्ठ आश्रम	79
7.	नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र (IRCA)	17
8.	निःशक्त कल्याण राज्य अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्थाऐं	36

B. प्रशासकीय इकाई (शासकीय डायरी 2022 अनुसार)

1.	संभाग	10
2.	जिले	52
3.	राजस्व अनुभाग	255
4.	विकास खण्ड/जनपद	313
5.	आदिवासी विकास खण्ड	89
6.	कुल ग्राम	54,903
7.	कुल ग्राम पंचायतें	22,710
8.	कुल नगर निगम	16
9.	कुल नगर पालिका	99
10.	कुल नगर परिषद	292

C. जनसंख्या (जनगणना 2011 अनुसार) (संख्या लाख में)

1.	कुल जनसंख्या	726.27
2.	पुरुष	376.12
3.	महिला	350.15
4.	ग्रामीण	525.57
5.	शहरी	200.70
6.	अनुसूचित जाति	113.42
7.	अनुसूचित जनजाति	153.17
8.	वृद्धजन	57.13
9.	कल्याणी	21.49
10.	दिव्यांगजन	15.51
11.	ट्रांसजेण्डर	0.29

विभाग की पृष्ठभूमि

मध्यप्रदेश राज्य में दिनांक 01.11.1956 से पंचायत एवं समाज सेवा संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल का गठन हुआ।

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग का 7 बार विघटन हुआ है जिसके तहत दायित्व अन्य विभागों को तालिका अनुसार सौपे गये है :–

क्रमांक	वर्ष	पुनर्गठन का स्वरूप
1	1961	विभाग से सहकारिता विभाग की योजनाओं को हटाया जाकर पृथक से सहकारिता संचालनालय का गठन हुआ।
2	1977	विभाग से खेलकूद एवं युवक कल्याण को हटाया जाकर पृथक रूप से संचालनालय खेलकूद एवं युवक कल्याण गठित हुआ।
3	1986	विभाग से महिला एवं बाल विकास को हटाया जाकर पृथक रूप से संचालनालय महिला एवं बाल विकास गठित हुआ।
4	1994	संचालनालय से प्रौढ़ शिक्षा योजना, स्कूल शिक्षा विभाग को अंतरित की गई।
	2005	पंचायत एवं समाज कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल का नाम परिवर्तित कर पंचायत एवं सामाजिक न्याय संचालनालय रखा गया।
5	2007	नवीन पंचायतराज संचालनालय का गठन होने से सामाजिक न्याय विभाग से पंचायतराज पृथक हो गया।
6	2008	विभाग से जिला अंकेक्षक एवं उप अंकेक्षकों की सेवाएं एवं अंकेक्षण कार्य स्थानीय निधि संपरीक्षा वित्त विभाग को सौंपा गया।
7	2010	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 के क्रियान्वयन का दायित्व सामाजिक न्याय संचालनालय से महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा जाकर सुधारात्मक सेवा की 26 संस्थाओं को मय अमले सहित महिला एवं बाल विकास विभाग को अंतरित किया गया।
8	2012	मध्यप्रदेश समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन का गठन।
9	2013	विभाग का नाम सामाजिक न्याय से परिवर्तित कर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण किया गया।

विभाग की प्रशासकीय संरचना

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग में प्रशासकीय नियंत्रण एवं नियमन के लिए राज्य मंत्रालय में सचिवालय स्तर पर प्रमुख सचिव, उप सचिव, अनुभाग अधिकारी तथा अन्य लिपिकीय अमला कार्यरत है। यह अमला विभाग की नीतियों के निर्धारण तथा नियमन का कार्य करता है।

विभाग में संचालनालय स्तर पर आयुक्त/संचालक, अपर संचालक, संयुक्त संचालक, उप संचालक प्रथम श्रेणी, सहायक संचालक द्वितीय श्रेणी एवं परिवीक्षा अधिकारी के साथ अन्य लिपिकीय वर्ग के पद स्वीकृत है। संचालनालय का अमला विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ–साथ मैदानी अमले पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है।

वर्तमान में संभागीय मुख्यालय के सात संभागों में क्रमशः भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, सागर एवं रीवा में संयुक्त संचालक एवं शेष जिलों में उप संचालक सामाजिक न्याय अपने उपलब्ध अमले के साथ विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर रहे हैं।

विभाग के अंतर्गत 1. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 79 के तहत आयुक्त निःशक्तजन कल्याण कार्यालय संचालित है साथ ही 2. मध्यप्रदेश विकलांग कल्याण तथा विकास समिति एवं 3. जिला स्तर पर दीनदयाल अन्त्योदय मिशन समिति संचालित है। सामाजिक न्याय, सदभाव एवं सामाजिक समरसता को केन्द्र में रखते हुए हर समाज को साथ लेकर चलना सरकार की नीति है। सामान्य वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं के निर्माण और अनुशंसाएँ प्रस्तुत करने हेतु 4. मध्यप्रदेश सामान्य वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है।

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग का संगठनात्मक ढॉचा

(स्वीकृत पद)

शासन स्तर

माननीय मंत्री

प्रमुख सचिव

उप सचिव

अनुभाग अधिकारी

विभागाध्यक्ष स्तर

आयुक्त/संचालक

- मिशन संचालक मध्यप्रदेश समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन
  - उप मिशन संचालक 3
- संचालनालय
  - अपर संचालक 1
  - संयुक्त संचालक 3
  - कार्यपालन यंत्री 1
  - उप संचालक 4
  - सहायक संचालक 11
  - सहायक संचालक संवर्ग 7
  - सहायक सांख्यिकी अधिकारी 2
  - परिवीक्षा अधिकारी 2
- आयुक्त निःशक्तजन
- म.प्र. राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग

संभाग स्तर

संभागीय संयुक्त संचालक– 7

जिला स्तर

उप संचालक–45

सहायक संचालक –27

सहायक संचालक तकनीकी संवर्ग–2

प्राचार्य/अधीक्षक शासकीय संस्थाएं–21

संभागीय व्यवस्थापक–6

व्याख्याता–48

परिवीक्षा अधिकारी–10

नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत

समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी–427

कम्प्यूटर ऑपरेटर सह सहायक ग्रेड 3 – 427

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के दायित्व

समाज के गरीब, कमजोर, निर्धन, निराश्रित, वरिष्ठजनों, कल्याणी (विधवाओं), दिव्यांगजनों, नशापीड़ितों एवं ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। विभाग द्वारा शासकीय संस्थाओं के साथ–साथ इस क्षेत्र में कार्यरत् स्वैच्छिक संगठनों को बढ़ावा देने व इनकी जनभागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है। विभाग द्वारा मुख्यतः निम्न क्षेत्रों में गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं :–

दिव्यांगजन सशक्तिकरण

दिव्यांग कल्याण योजनान्तर्गत दिव्यांग बालक/बालिकाओं/व्यक्तियों के लिये पात्रतानुसार शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार, आरक्षण, पुनर्वास कार्यक्रम, छात्रवृत्ति, शिक्षा प्रोत्साहन, परिचय पत्र, आवास सहायता, पेंशन योजनाएं, आर्थिक सहायता, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय किये जा रहे है। दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ स्वैच्छिक एवं शासकीय संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

सामाजिक सहायता

प्रदेश में निवास कर रहे समाज के सबसे कमजोर, निर्धन, वृद्ध, दिव्यांगजनों के साथ–साथ कल्याणी (विधवाओं) और परित्यक्त, अविवाहित महिलाओं को सम्पूर्ण सामाजिक सुरक्षा प्रदान के लिये पेंशन योजनाएं, कन्या/कल्याणी विवाह सहायता/प्रोत्साहन, परिवार सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

समाज रक्षा

माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम–2007 एवं नियम 2009 का क्रियान्वयन विभाग द्वारा किया जा रहा है– निराश्रित, उपेक्षित वरिष्ठजनों को संरक्षण, भरण–पोषण, चिकित्सीय परीक्षण, उपचार एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वरिष्ठ आश्रमों, वरिष्ठजनों हेतु हेल्प लाईन का संचालन।

मध्यप्रदेश भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1973 की धारा 1(3) के तहत शासन निर्देश क्रमांक 205/2567/2017/26–2 दिनांक 03.02.2018 द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में उक्त अधिनियम प्रभावशील है। वर्तमान में अधिनियम की धारा 12(1) 13(1) के तहत प्रदेश के जिला इंदौर में भिक्षुक प्रवेश केन्द्र एवं प्रमाणित संस्था स्थापित एवं संचालित है। योजना अन्तर्गत भिक्षुकों को अभिरक्षा में लेकर उन्हें न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। न्यायालय के निर्णय अनुसार विचाराधीन एवं दंडित भिक्षुकों को भिक्षुक गृह में रखा जाता है।

अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958 के अन्तर्गत ऐसे वयस्क अपराधियों को जो आजीवन कारावास अथवा मृत्युदण्ड से दण्डित न हों, उन्हें कारावास के स्थान पर सदाचार की परिवीक्षा पर छोड़ने की कार्यवाही की जाती है ।

अन्य कार्यक्रम

अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत नशामुक्ति केन्द्र, नशामुक्ति अभियान, कलापथक दल, जागरुकता कार्यक्रम, ट्रांसजेण्डर कल्याण, विभिन्न स्तर पर पुरस्कार इत्यादि संचालित है।

विभाग अंतर्गत प्रचलित अधिनियम/नियम

अधिनियम	नियम
दिव्यांगजन	
• दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016	मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियम 2017
• द नेशनल ट्रस्ट फार वेलफेयर ऑफ पर्सन्स विथ आटिज्म, सेरेब्रल पालसी, मेंटल रिटारडेशन एण्ड मल्टीपल डिसेबिलिटी एक्ट 1999	–
वरिष्ठजन	
• माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007	मध्यप्रदेश माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण नियम 2009
ट्रांसजेण्डर (उभयलिंगी) व्यक्ति	
• ट्रांसजेण्डर व्यक्ति(अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019	• ट्रांसजेण्डर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) नियम 2020 • मध्यप्रदेश ट्रांसजेण्डर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) प्रारूप नियम 2021
अन्य	
• अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958	मध्यप्रदेश अपराधी परिवीक्षा नियम 1960
• मध्यप्रदेश भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1973	मध्यप्रदेश भिक्षावृत्ति निवारण नियम 1977
• मध्यप्रदेश निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम 1970 एवं संशोधित अधिनियम 2006	मध्यप्रदेश निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता नियम 2013 एवं संशोधित नियम 2020

विभाग अंतर्गत कार्यरत विभिन्न कार्यालय

आयुक्त निःशक्तजन कल्याण मध्यप्रदेश

आयुक्त, निःशक्तजन, मध्यप्रदेश को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा–82 के प्रावधान अनुसार सिविल न्यायालय की शक्तियाँ प्राप्त हैं। आयुक्त निःशक्तजन, मध्यप्रदेश को उपरोक्त अधिनियम में दिव्यांगजनो के हितों के संरक्षण के संबंध में अधिकार प्रदत्त किए गए हैं।

मध्यप्रदेश विकलांग कल्याण तथा विकास समिति

मध्यप्रदेश विकलांग कल्याण तथा विकास समिति रजिस्ट्रार फार्म एण्ड सोसायटी अधिनियम, 1973 से पंजीबद्ध स्वैच्छिक संस्था है। इस समिति के अंतर्गत मध्यप्रदेश के सामान्य वर्ग के दिव्यांगजनों हेतु राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम, फरीदाबाद/नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए रियायती ब्याज दर पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा हेतु ऋण, नवयुवक युवतियों के लिए युवा स्वावलम्बन योजना, व्यावसायिक/ट्रेनिंग कोर्स ऋण आबंटन हेतु बिना कोलेटरल गारन्टी के स्वरोजगार व उच्च शिक्षा के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रावधान है।

दीनदयाल अन्त्योदय मिशन समिति

दीनदयाल अन्त्योदय मिशन समिति रजिस्ट्रार फार्म एण्ड सोसायटी अधिनियम, 1973 से पंजीबद्ध संस्था है। यह समिति प्रदेश के प्रत्येक जिले में गठित है। इस समिति के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग, दिव्यांग समग्र पुनर्वास की कार्यवाही, सामूहिक विवाह का आयोजन इत्यादि कार्यवाहियाँ की जाती है।

म.प्र. राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग

सामान्य वर्ग के हितार्थ सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक 296/3600/2007/एक(1), दिनांक 28.01.2008 द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याााण विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1–15/2013/16–1/754, दिनांक 10.09.2021 द्वारा श्री शिव कुमार चौबे वर्तमान में आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये गये है।

महत्वपूर्ण दिवस

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष निम्न दिवसों का आयोजन किया जाता है :–

मद्य निषेध संकल्प दिवस	30 जनवरी
अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस	31 मई
अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस	26 जून
अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस	1 अक्टूबर
मद्य निषेध सप्ताह	2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर
विश्व विकलांग दिवस	3 दिसम्बर

विभागीय कार्यक्रम

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

1. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना
2. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना
3. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना
4. राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना

राज्य शासन द्वारा संचालित कार्यक्रम

1. समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
2. छः वर्ष से अधिक आयु के मानसिक रूप से अविकसित एवं बहु विकलांग व्यक्तियों को आर्थिक सहायता
3. मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना
4. मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना
5. मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना
6. मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना
7. मुख्यमंत्री निकाह योजना
8. मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना
9. निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना
10. दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजना
11. दिव्यांग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना
12. दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु छात्रगृह योजना
13. शत–प्रतिशत श्रवण एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आवास सहायता योजना
14. दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा मे दी जाने वाली फीस,निर्वाह भत्ता, परिवहन भत्ता योजना
15. दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति
16. दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना
17. दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय एवं शल्य क्रिया उपचार सहायता
18. कलापथक दल–ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का प्रचार–प्रसार, जागरूकता के कार्यक्रम
19. वरिष्ठ आश्रमों का संचालन/शतायु सम्मान

अन्य कार्यक्रम

1. मध्यप्रदेश निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता योजना
2. मद्यपान तथा नशीली दवा दुरुपयोग निवारण केन्द्रीय अनुदान योजना तथा जन–जागरुकता कार्यक्रम
3. भिक्षुक केन्द्र का संचालन
4. जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों का संचालन
5. राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित योजनाएं
6. दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डी.डी.आर.एस.)
7. एडिप योजना
8. सिपडा योजना
9. सुगम्य भारत अभियान (Accessible India Campaign)
10. अवेयरनेस जनरेशन एण्ड पब्लिसिटी स्कीम (ए.जी.पी.)
11. अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY)
12. वरिष्ठजनों हेतु सहायक उपकरणों का वितरण
13. समेकित वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (IPSrC) केन्द्रीय अनुदान योजना
14. नशामुक्ति कार्यक्रम

विभागीय पुरस्कार

1. इंदिरा गांधी समाज सेवा पुरस्कार
2. महर्षि दधीचि पुरस्कार योजना
3. विवेकानंद नशामुक्ति पुरस्कार
4. नशामुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार योजना

————————

भाग - 2

बजट प्रावधान एवं व्यय वर्ष 2021–22

(राशि लाख में)

शीर्ष / योजना	कुल प्रावधान	व्यय (माह दिसम्बर 2021 तक)	व्यय का प्रतिशत
आयोजना (9999)			
मांग संख्या 34–2235	6613.58	4259.01	64.40
योग (9999)	**6613.58**	**4259.01**	**64.40**
आयोजना			
मांग संख्या–34			
0101, 0701 एवं 0801–राज्य आयोजना सामान्य	228671.13	182670.89	79.88
0102, 0702 एवं 0802–आदिवासी क्षेत्र उपयोजना	76656.42	61702.31	80.49
0103, 0703 एवं 0803– अनुसूचित जाति उपयोजना	60635.53	50287.49	82.93
योग	**365963.08**	**294660.69**	**80.52**
कुल योग	**372576.66**	**298919.70**	**80.23**

जेण्डर बजट

विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में पात्रतानुसार महिलाओं को लाभांवित किया जाता है, तथापि विभाग द्वारा निम्न योजनाएं मुख्यतः महिलाओं के लिए संचालित हैं :–

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना
- मुख्यमंत्री निकाह योजना
- मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह प्रोत्साहन योजना
- समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (वृद्ध, विधवा, अविवाहिता, परित्यक्त, दिव्यांग महिलाओं हेतु)
- मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन

उक्त योजनाओं में शत–प्रतिशत राशि बजट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है।

विभाग संबंधित जेंडर मुद्दे, जेंडर गेप, जेंडर विषयक प्रमुख मानकों (Index) की स्थिति

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2011–12 से जेंडर मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है। इन कार्यो मे कोई गेप नहीं है।

जेंडर मुद्दो पर विभागों द्वारा पहल (initiative)

विभाग द्वारा जेंडर मुद्दों संबंधी संचालित योजनाओं में शत–प्रतिशत, 40 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत प्रावधान महिलाओं हेतु किया जाना सुनिश्चित किया गया है। विभाग द्वारा मुख्यतः विवाह, छात्रवृत्ति एवं पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

केस स्टडी एवं गुड प्रेक्टिस

विभाग द्वारा अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल भोपाल के माध्यम से व्यवहार्यता (feasibility) केस स्टडी कराई गई है।

आगामी रणनीति

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में जेण्डर मुद्दों पर द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी अंतर्गत वर्गीकृत योजनाओं में महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके, इसके लिये विभाग द्वारा आवश्यक प्रयास किये जायेंगे।

प्रमुख उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ

वित्त विभाग द्वारा विभागीय योजनायों को तीन श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। प्रथम श्रेणी शत–प्रतिशत, द्वितीय श्रेणी 40 प्रतिशत एवं तृतीय श्रेणी में 30 प्रतिशत प्रावधान वाली योजनाओं को शामिल किया गया है। विभाग द्वारा श्रेणीवार जेण्डर बजट दिनांक 31.12.2021 की स्थिति में निम्नानुसार है :–

(राशि लाख में)

योजना क्रमांक एवं नाम	प्रावधान वर्ष 2021–22	जेंडर बजट का प्रतिशत	व्यय वर्ष 2021–22		हितग्राही वर्ष 2021–22	
			महिला	पुरूष	महिला	पुरूष
प्रथम श्रेणी (100 प्रतिशत)						
6692–मुख्यमंत्री निकाह योजना	400.00	100	59.27	0	116	0
6710–मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना	5000.00	100	593.27	0	431	0
5863–इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	39201.32	100	28982.05	0	536412	0
द्वितीय श्रेणी (40 प्रतिशत)						
5859–इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना	7302.92	32	1726.68	3669.21	31975	67949
6690–माता पिता भरण पोषण योजना	8.30	40	0.33	0.51	-	-
7084–राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना	5901.17	70	2643.42	1132.89	13216	5665
8786–इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	114353.32	46	38989.60	45770.40	722028	847599
9142– समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	181613.99	73	119109.72	44054.28	1965023	726790
0073– बहुविकलांग को सहायता	1170.00	38	1193.96	1948.04	29060	47414
0075–अंध मूक बधिरों को वृत्तियॉ	500.00	40	12.70	19.06	-	-
6693–कन्या अभिभावक पेंशन योजना	4500.07	41	1098.39	1580.61	24567	35353
7083–अंत्येष्टि योजना	27.29	70	12.18	5.22	406	174
तृतीय श्रेणी (30 प्रतिशत)						
6694–कृत्रिम अंग उपकरण वितरण योजना	186.41	30	35.70	83.33	1310	3057
कुल	**360164.80**		**194457.27**	**98263.55**	**3324544**	**1734001**

विभागीय संचालित योजनाओं में बजट एवं व्यय की जानकारी वर्ष 2021–22

(राशि रूपये लाख में)

क.	योजना कमांक	योजना का नाम	बजट प्रावधान वर्ष 2021–22	वित्त विभाग द्वारा कटौत्रा की गई राशि	जारी आवंटन	व्यय दि. 31.12.21	प्रावधान विरूद्ध व्यय का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	{0075}	अंध मूक बधिरो को वृत्तियॉ	500.00	0.00	215.12	31.76	6.35
2	{0073}	अंध मूक बाधिर शालाओ को अनुदान	1170.00	0.00	759.95	519.85	44.43
		बहु विकलांग को सहायता	5027.76	1005.55	3142.16	3142.16	62.50
3	{4114}	विश्व विकलांग वर्ष	27.28	5.45	20.40	8.73	32.00
4	{8786}	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्वावस्था पेंशन	114353.32	16129.45	84759.86	84759.86	74.12
5	{7084}	राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना	5901.17	1180.23	3784.11	3776.31	63.99
6	{5863}	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन	39201.32	6048.64	28993.19	28982.05	73.93
7	{5859}	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन	7302.92	1029.10	5668.68	5395.89	73.89
8	{6710}	मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना	5000.00	1000.00	860.76	593.27	23.73
9	{9142}	समग्र सामाजिक सुरक्षा पेशन	181613.99	1524.88	164386.71	163164.01	89.84
10	{6306}	आयुक्त निशक्तजन कार्यालय वेतन	49.91	2.49	30.74	25.57	51.23
11	{5259}	इंदिरा गांधी समाज सेवा पुरस्कार	11.99	2.40	0.00	0.00	0.00
12	{6554}	समग्र सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम	155.56	6.91	83.98	66.09	42.49
13	{0079}	दृष्टि,श्रवण बाधि.शालायें तथा संस्थायें	1713.76	45.45	1138.21	992.19	57.90
14	{6677}	भिक्षुक गृह की स्थापना	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00
15	{6686}	वृद्वजन हेतु एकीकृत कार्यक्रम	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
16	{6688}	नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्रों की स्था.	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
17	{6690}	माता पिता भरण पोषण योजना	8.30	1.66	6.64	0.84	10.12
18	{6691}	दधीचि पुरस्कार योजना	9.00	1.79	0.00	0.00	0.00
19	{6692}	मुख्यमंत्री निकाह योजना	400.00	80.00	100.47	59.27	14.82
20	{6693}	कन्या अभिभावक पेंशन योजना	2000.00	400.00	2930.66	2678.56	59.52
21	{6694}	कृत्रिम अंग उपकरण वितरण योजना	186.41	37.28	146.00	119.03	63.85
22	{7083}	अन्त्येष्टि सहायता योजना	27.29	5.46	17.61	17.40	63.76
23	{2083}	निःशक्तजनों को बी.एड./बी.पी.एड	0.03	0.00	0.00	0.00	0.00
24	{2084}	श्रवण बाधित निःशक्तजनों को आई. टी.आई.प्रशिक्षण	200.05	40.01	0.00	0.00	0.00
25	{7569}	निःशक्तजनों को बाधारहित वातावरण	706.00	0.00	400.00	297.85	42.19
26	{9477}	नशीली दवा की मांग मे कमी लाने के लिये राष्ट्रीय कार्ययोजना	247.00	49.40	30.00	30.00	12.15
27	{9472}	ट्रांसजेण्डर का कल्याण एवं पुनर्वास	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
28	{9642}	वरिष्ठजनों का कल्याण कार्यक्रम	150.00	30.00	0.00	0.00	0.00
29	{5389}	वरिष्ठ नागरिकों की राज्य परिषद	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00
30	{2304}	निर्देशन और प्रशासन	5035.79	26.09	3364.64	3322.69	65.98
31	{3098}	भिक्षुक प्रवेश केन्द्र तथा कर्मशाला	34.78	0.24	23.97	23.50	67.57
32	{0795}	कलापथक	963.10	1.67	597.99	588.65	61.12
33	{1985}	दूरदर्शन कार्यक्रम	406.91	0.03	262.59	260.92	64.12
34	{5258}	भारतीय कुष्ठ निवारण संघ	50.00	10.00	39.00	31.93	63.86
35	{2245}	नशाबंदी कार्यक्रम	73.00	14.60	50.48	31.32	42.90
36	{9470}	महात्मा गांधी कुष्ठ सेवा पुरस्कार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
37	{9917}	म.प्र.राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		योग	**372526.66**	**28678.78**	**301813.92**	**298919.70**	**80.23**

भाग - 3

विभागीय कार्यक्रम

दिव्यांगजन सशक्तिकरण

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 प्रदेश में प्रभावशील है। अधिनियम के प्रावधान अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों को शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार, पुर्नवास आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायक अनुदान

मध्यप्रदेश में दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में 36 स्वैच्छिक संस्थाओं को विभाग द्वारा सहायक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है एवं 26 संस्थाएं निराश्रित निधि से संचालित की जा रही है। सूची परिशिष्ट में।

उक्त संस्थाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को शिक्षण–प्रशिक्षण एवं पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

वर्ष 2021–22 में रूपये 1170.00 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध दिसम्बर 2021 तक 519.85 लाख व्यय किया गया।

केन्द्रीय अनुदान

दीनदयाल निःशक्त पुनर्वास योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सहायक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। योजनान्तर्गत वर्ष 2021–22 में दिव्यांग व्यक्तियों के शिक्षण–प्रशिक्षण, पुनर्वास से संबंधित रू. 440.45 लाख के सहायक अनुदान संबंधी 14 प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये हैं।

कुष्ठ कल्याण योजना

कुष्ठ मुक्त व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु प्रदेश में 3 विभागीय मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्थाएं कार्यरत हैं। वर्ष 2021–22 में रूपये 50.00 लाख का बजट प्रावधान अंतर्गत दिसम्बर 2021 तक 31.93 लाख का व्यय किया गया। 96 कुष्ठ परिवार लाभान्वित हुए हैं।

दिव्यांग पेंशन योजना

1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनांतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों को रुपये 600/– प्रतिमाह प्रति हितग्राही की दर से पेंशन भुगतान की जाती है।
2. समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत 6 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या अधिक हो एवं परिवार आयकरदाता न हो, उनको प्रतिमाह रुपये 600/– की दर से पेंशन भुगतान की जाती है।

बहुविकलांग एवं मानसिक रुप से निःशक्त व्यक्ति को आर्थिक सहायता

मध्यप्रदेश के सभी छः वर्ष से अधिक आयु के बौद्धिक दिव्यांग, ऑटिज्म, सेरेब्रल पॉलसी एवं बहुविकलांग को रूपये 600/–(रूपये छः सौ) प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना में आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। यह योजना दिनांक 18.6.2009 से प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत माह जनवरी 2022 तक 76,474 दिव्यांगजन लाभांवित हुये है।

निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना

दम्पत्ति में से एक दिव्यांग तथा एक सामान्य होने पर रूपये 2,00,000/– (रूपये दो लाख) प्रोत्साहन राशि दी जायेगी एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रूपये 1,00,000/– (रूपये एक लाख) एक मुश्त सहायता राशि एवं प्रशंसा पत्र देने का प्रावधान है। पात्रता हेतु दम्पति आयकर दाता नहीं होना चाहिए। योजना पर होने वाला व्यय निराश्रित निधि से किया जाता है, यदि दिव्यांग व्यक्ति मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह करता है तो रूपये 51,000/– अतिरिक्त सहायता दिये जाने के प्रावधान भी है। निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना दिनांक 12.8.2008 से प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक 622 हितग्राही लाभांवित हुये है।

दिव्यांगजनों हेतु हेल्प लाईन

दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं एवं मार्गदर्शन हेतु वर्ष 2008 से राज्य द्वारा टोल फ्री दूरभाष हेल्प लाईन नंबर 1800–233–4397 निरंतर संचालित है, केन्द्र सरकार द्वारा भी दिव्यांगजनों हेतु हेल्प लाईन नम्बर 1800- 233- 5956 प्रारंभ किया है।

विभिन्न योजनाओं में लाभांवित हितग्राही

क्र.	योजना	हितग्राही		
		वित्तीय वर्ष 2019–20 में मार्च 2020 की स्थिति में	वित्तीय वर्ष 2020–21 में जनवरी 2021 की स्थिति में	वित्तीय वर्ष 2021–22 में जनवरी 2022 की स्थिति में
1	छात्रवृत्ति	34,334	23,754	13,608
2	शिक्षा प्रोत्साहन योजना • लेपटाप वितरण • मोट्रेट साईकिल वितरण	 118 439	 31 850	 95 641
3	उच्च शिक्षा हेतु फीस, निर्वाह भत्ता, परिवहन भत्ता	77	3	13
4	छात्रगृह योजना (आवास सहायता योजना)	122	0	0
5	सिविल सेवा प्रोत्साहन	05	01	2
6	कृत्रिम अंग उपकरण वितरण	5,065	6006	4367
7	दिव्यांग पेंशन	4,62,421	5,45,560	5,78,892
8	ऑटिज्म, सेरेबल पॉलसी, मानसिक एवं बहुविकलांग दिव्यांगों को सहायता	75,514	75,756	76,474
9	निःशक्त विवाह प्रोत्साहन	1118	765	622
10	यूडीआईडी कार्ड	371401	5,66,912	6,88,029

प्रदेश के सभी दिव्यांगजनों को भारत सरकार के निर्धारित लक्ष्य 6.60 लाख के विरूद्ध 6.88 लाख (104.24%) यूडीआईडी कार्ड बनाये जा चुके है, निर्धारित लक्ष्य के अतिरिक्त भी कोई दिव्यांग न छूटे इस संबंध में शेष रहे समस्त दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही प्रगतिरत है।

दिव्यांग विवाह में वर्षवार लाभांवित हितग्राही एवं व्यय की स्थिति

वर्ष	हितग्राही	व्यय (लाख में)
2008–09	103	25.75
2009–10	207	53.00
2010–11	738	144.82
2011–12	1141	286.96
2012–13	1775	369.77
2013–14	1514	498.50
2014–15	779	214.50
2015–16	1058	599.50
2016–17	1267	735.50
2017–18	1321	1016.50
2018–19	1282	1930.00
2019–20	1118	1962.50
2020–21	765	1304.00
2021–22 (दिसम्बर 2021)	622	1028.50
योग	**13068**	**9141.30**

विश्व विकलांग दिवस

विश्व विकलांग दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को किया जाता है। दिव्यांग व्यक्तियों के सामर्थ्य एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 से विश्व विकलांग दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। वर्ष 2021–22 में रूपये 27.28 लाख का प्रावधान किया गया है। कोविड–19 की गाईडलाईन का ध्यान रखते हुए प्रत्येक जिला स्तर पर दिव्यांग बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिताएं, वाद–विवाद, सांस्कृतिक, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कौशल विकास प्रशिक्षण

दिव्यांग व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण की कार्यवाही की गई है। प्रदेश के 7 संभागीय मुख्यालय स्थित आईटीआई में शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु 60 दृष्टिबाधित तथा 81 श्रवण बाधितों को इस प्रकार कुल 141 निःशक्तजनों को विभिन्न ट्रेड में प्रवेशित कराया गया है।

इन आई.टी.आई. में विभिन्न ट्रेड्स यथा कोपा, एम.ओ.एम., विद्युत, प्रोडक्शन, मेकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स, सिविल, फैशन डिजाईन एवं ड्रेस मेकिंग, आफिस असिस्टेंट आदि ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जाता है।

मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना

सहायता का स्वरूप

निःशक्तता की श्रेणी	सामग्री	पात्रता शर्तें
दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं मंदबुद्धि	लेपटॉप	9वीं में प्राप्तांक 50 प्रतिशत होन पर 10वीं में प्रथम बार प्रवेश लेने पर अथवा आईटीआई में प्रवेश लेने पर। (एक ही बार)
अस्थिबाधित	लेपटॉप	9वीं में प्राप्तांक 60 प्रतिशत होन पर 10वीं में प्रथम बार प्रवेश लेने पर अथवा आईटीआई में प्रवेश लेने पर। (एक ही बार)
अस्थिबाधित (शरीर का निचला भाग प्रभावित होने से चलने में अक्षम, न्यूनतम 60 प्रतिशत निःशक्तता)	मोट्रेट ट्रायसिकल (बैटरी चलित)	10 वीं प्रथमबार प्रवेश लेने पर अथवा स्नातक में प्रवेश लेने पर (एक ही बार)

नोट : दिव्यांग विद्यार्थी द्वारा कक्षा 10 में प्रवेश लेने पर एक बार लेपटाप प्राप्त करने पर आईटीआई में प्रवेश लेने पर पात्रता नहीं आयेगी।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम
भारत सरकार के कार्यक्रम

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना 15 अगस्त 1995 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्वजनों को उनकी पात्रतानुसार प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान किये जाने का प्रावधान है :–

1. 60 वर्ष से 79 वर्ष तक आयु के हितग्राहियों को प्रतिमाह राशि रुपये 200/– केन्द्रांश एवं राज्य सरकार द्वारा राशि रूपये 400/– (राज्यांश) इस प्रकार **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही पेंशन प्रदाय की जा रही है।
2. 80 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु के हितग्राहियों को प्रतिमाह राशि रुपये 500/– केन्द्रांश एवं राशि रूपये 100/– राज्यांश इस प्रकार **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही पेंशन प्रदाय की जा रही है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

राशि करोड़ में

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	1143.53	847.60	15,69,627

इस योजना में निर्धारित पात्रता के अनुसार 6,17,870 अन्य हितग्राही भी पात्र पाये गये है किन्तु भारत सरकार की कैप निर्धारित होने की वजह से इन 6,17,870 हितग्राहियों के मासिक पेंशन की सम्पूर्ण राशि का भुगतान (दिसम्बर 2021 तक राशि रूपये 333.65 करोड़) राज्य शासन की समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना शीर्ष के अंतर्गत किया जा रहा है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना प्रदेश में 1.4.2009 से प्रारंभ की गई है। योजना अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 से 79 वर्ष आयु समूह की विधवा पात्र महिलाओं को प्रतिमाह राशि रुपये 300/– केन्द्रांश एवं राशि रूपये 300/– राज्यांश इस प्रकार **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

राशि करोड में

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	392.01	289.82	5,36,412

इस योजना में निर्धारित पात्रता के अनुसार 4,22,632 अन्य हितग्राही भी पात्र पाये गये है किन्तु भारत सरकार की कैप निर्धारित होने की वजह से इन 4,22,632 हितग्राहियों के मासिक पेंशन सम्पूर्ण राशि का भुगतान (दिसम्बर 2021 तक राशि रूपये 228.22 करोड़) राज्य शासन की समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना शीर्ष के अंतर्गत किया जा रहा है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना प्रदेश में 1.4.2009 से प्रारंभ की जाकर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 18 वर्ष से 79 वर्ष आयु के निःशक्तजन जिनकी निःशक्तता 80 प्रतिशत या अधिक हो, को प्रतिमाह राशि रुपये 300/– केन्द्रांश एवं राशि रूपये 300/– राज्यांश इस प्रकार **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही भुगतान किया जा रहा है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

राशि करोड में

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	73.03	53.96	99,924

इस योजना में निर्धारित पात्रता के अनुसार 601 अन्य हितग्राही भी पात्र पाये गये है किन्तु भारत सरकार की कैप निर्धारित होने की वजह से इन 601 हितग्राहियों के मासिक पेंशन की सम्पूर्ण राशि का भुगतान (दिसम्बर 2021 तक राशि रूपये 0.32 करोड़) राज्य शासन की समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना शीर्ष के अंतर्गत किया जा रहा है।

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना

प्रदेश में **राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना** दिनांक 15 अगस्त 1995 से प्रभावशील है। इस योजना का मूल उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार के कमाऊ सदस्य (स्त्री/पुरूष) जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक किन्तु 60 वर्ष से कम हो, की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को एक मुश्त सहायता प्रदान करना है। यह केन्द्रीय योजना है, योजना के क्रियान्वयन हेतु शत–प्रतिशत वित्तीय सहायता भारत सरकार से प्राप्त होती है। योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य शासन की है। इस योजना के अन्तर्गत परिवार के कमाऊ सदस्य की प्राकृतिक अथवा अप्राकृतिक रूप से मृत्यु होने पर **रूपये 20,000/–की एक मुश्त आर्थिक सहायता** देने का प्रावधान है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

(राशि रुपये करोड में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	59.01	37.76	18881

प्रदेश सरकार के कार्यक्रम

समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

राज्य शासन द्वारा वर्ष जनवरी 1981 से **सामाजिक सुरक्षा पेंशन** योजना संचालित की जा रही है। वर्तमान में योजनांतर्गत **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

पात्रता के मापदण्ड –

क्र.	श्रेणी	हितग्राही
1	60 वर्ष से अधिक आयु के **निराश्रित वृद्ध**	2,77,021
2	18 वर्ष से अधिक आयु की **विधवा (कल्याणी)** जो आयकरदाता न हो	9,34,682
3	50 वर्ष से अधिक आयु की **अविवाहिता,** जो आयकरदाता न हो	2,229
4	18 वर्ष से 59 वर्ष आयु की **परित्यक्त** महिलाएं, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही हो	34,660
5	6 वर्ष से अधिक आयु के **दिव्यांगजन** जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक एवं आयकरदाता न हो	4,01,893
6	**वरिष्ठ आश्रम में निवासरत समस्त अंतःवासी** जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है।	225
	योग	**16,50,710**
राष्ट्रीय योजनाओं के कैप के अतिरिक्त		
1	60 वर्ष से अधिक आयु के **बीपीएल वृद्ध** (IGNOAP कैप के अतिरिक्त)	6,17,870
2	40 वर्ष से अधिक आयु की **बीपीएल विधवा (कल्याणी)** (IGNWP कैप के अतिरिक्त)	4,22,632
3	18 वर्ष से अधिक आयु के **बीपीएल दिव्यांगजन** जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत या उससे अधिक हो (IGNDP कैप के अतिरिक्त)	601
	योग	**10,41,103**
	महायोग	**26,91,813**

उपरोक्त के अतिरिक्त जिला बडवानी में नेत्र संक्रमित 56 हितग्राहियों को रूपये 5000/– प्रति हितग्राही प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदाय की जा रही है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में माह दिसम्बर 2021 की स्थिति में व्यय, हितग्राहियों व बजट प्रावधान की जानकारी तालिका अनुसार है :–

(राशि रुपये करोड में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	**1816.14**	**1631.64**	**26,91,813**

मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना

योजना 1 अप्रैल 2013 से प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत ऐसे दम्पत्ति जिसमें पति/पत्नी में से किसी भी एक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक आयु हो एवं जिनकी केवल जीवित कन्याएं हैं, तथा आयकरदाता न हो ऐसे हितग्राही को **राशि रूपये 600/– प्रतिमाह** पेंशन प्रदाय की जाती है।

योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में माह दिसम्बर 2021 की स्थिति में व्यय, हितग्राहियों व बजट प्रावधान की जानकारी तालिका अनुसार है :–

(राशि रुपये करोड में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	45.00	26.79	59,920

छः वर्ष से अधिक आयु के मानसिक रूप से अविकसित दिव्यांग एवं बहुविकलांगों को आर्थिक सहायता

यह योजना प्रदेश में 18.06.2009 से प्रभावशील है। मध्यप्रदेश के छः वर्ष से अधिक आयु के बहुविकलांग एवं बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म से ग्रसित दिव्यांग व्यक्तियों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना में आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। वर्तमान में योजनांतर्गत **कुल राशि रूपये 600/–** प्रतिमाह प्रति हितग्राही पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

(राशि रुपये करोड में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	50.28	31.42	76,474

अन्त्येष्टि सहायता योजना

योजना 13 अगस्त 2013 से प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत मृतक मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित श्रमिक संवर्ग के रूप में पंजीकृत परिवार का सदस्य होने पर एवं लावारिस शव जिसकी कोई पहचान नहीं है और उस शव के अंतिम संस्कार हेतु कोई तैयार नहीं हो, उनके अंतिम संस्कार हेतु **राशि रूपये 3000/– की सहायता** प्रदान की जाती है। योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर 2021 तक व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

(राशि लाख में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2021–2022	27.29	17.40	580

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

मध्यप्रदेश शासन द्वारा गरीब जरूरतमंद, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता के सामूहिक विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु "**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना**" 1 अप्रैल 2006 से प्रारंभ की गई है।

सहायता

शासन आदेश क्रमांक/एफ 3–39/2017/26–2 भोपाल दिनांक 14.01.2019 से मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं मुख्यमंत्री निकाह योजना में निम्नानुसार संशोधन किये गये है :–

- योजनांतर्गत सामूहिक विवाह के कार्यक्रम के आयोजन हेतु यथास्थित अधिकृत नगरीय/ग्रामीण निकाय को रूपये 3000/–प्रति कन्या के मान से तथा शेष राशि रूपये 48000/–संबंधित कन्या के बैंक बचत खाते में इस प्रकार **कुल राशि रूपये 51000/– प्रति कन्या** प्रदाय किये जाने का प्रावधान है!
- सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के अंतर्गत कन्या विवाह/निकाह सहायता की राशि का लाभ प्राप्त करने के लिये आय सीमा का बंधन नहीं है।
- आदिवासी अंचलों में जनजातियों में प्रचलित विवाह प्रथा के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाह में कन्या विवाह सहायता राशि दी जाये।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वर्षवार आवंटन, व्यय एवं लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी निम्नानुसार तालिका में वर्णित है :–

(राशि रूपये लाख में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2006-2007	1000.00	1327.00	13,498
2007-2008	1920.00	1362.00	33,321
2008-2009	2618.00	4329.00	43,737
2009-2010	2500.00	2485.00	19,597
2010-2011	3801.00	3964.70	39,647
2011-2012	4201.00	4156.40	36,651
2012-2013	6787.80	6787.80	45,252
2013-2014	12592.00	10452.22	55,334
2014-2015	10915.00	6074.59	20,077
2015-2016	20679.20	11775.29	44,835
2016-2017	15436.81	11204.87	44,818
2017-2018	15000.00	9644.88	34,446
2018-2019	15000.00	14999.53	50,154
2019-2020	31506.17	20291.25	42,088
2020-2021	14290.00	12158.42	20,900
2021-2022 (दिसम्बर 2021)	5000.00	593.27	431
कुल	**163246.98**	**121606.22**	**5,44,786**

नोट– योजनांतर्गत वर्ष 2020–21 एवं वर्ष 2021–22 (दिसम्बर 2021 तक) में कोविड–19 के दृष्टिगत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका। वित्तीय वर्ष 2019–20 के लंबित हितग्राहियों को वर्ष 2020–21 के प्राप्त आवंटन से भुगतान किया गया है। वर्ष 2021–22 में प्राप्त बंटन से पूर्व के लंबित हितग्राहियों का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री निकाह योजना

मध्यप्रदेश शासन द्वारा गरीब जरुरतमंद निराश्रित/निर्धन परिवारों की मुस्लिम विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्तता के सामूहिक निकाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है । मुख्यमंत्री निकाह योजना वर्ष 2012 से प्रभावशील की गई है । योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में उल्लेखित व्यवस्था अनुसार ही **राशि रुपये 51,000/– प्रदान** की जाती है। जिसमें 48000 रूपये कन्या के बचत खाते में तथा 3000 रूपये आयोजक के खाते में जमा कराये जाते है।

मुख्यमंत्री निकाह योजनांतर्गत आवंटन, व्यय एवं हितग्राहियों की वर्षवार जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :–

(राशि रूपये लाख में)

वर्ष	आवंटन	व्यय	हितग्राही
2012–2013	200.00	260.90	1766
2013–2014	800.00	474.60	2579
2014–2015	200.00	123.25	1248
2015–2016	500.00	381.31	2139
2016–2017	900.00	329.47	1666
2017–2018	1000.00	470.75	1681
2018–2019	900.00	755.72	2265
2019–2020	1659.37	1015.73	3049
2020–2021	1869.00	1672.80	3280
2021–2022 (दिसम्बर 2021)	400.00	59.27	116
कुल	**8428.37**	**5543.80**	**19,789**

योजनांतर्गत वर्ष 2020–21 एवं वर्ष 2021–22 (दिसम्बर 2021 तक) में कोविड–19 के दृष्टिगत सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका। वित्तीय वर्ष 2019–20 के 3280 लंबित हितग्राहियों को वर्ष 2020–21 के प्राप्त आवंटन से भुगतान किया गया है। वर्ष 2021–22 में प्राप्त बंटन से पूर्व के लंबित हितग्राहियों का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना

मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना शासन के पत्र क्रमांक एफ/3–5/2018/26–2 भोपाल दिनांक 03.05.2018 से प्रदेश में प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत 18 वर्ष या अधिक आयु की कल्याणी जो आयकरदाता न हो तथा कल्याणी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी न हो, को विवाह सहायता हेतु राशि रूपये 2,00,000/–की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में 446 हितग्राही, वर्ष 2020–21 में 304 हितग्राही एवं वर्ष 2021–22 में माह दिसम्बर 2021 तक 365 हितग्राहियों को भुगतान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत किया गया है। कल्याणी विवाह सहायता योजना का लाभ प्राप्त होने पर विभाग द्वारा संचालित अन्य विवाह सहायता योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना एवं निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

समाज रक्षा

वरिष्ठ आश्रम

वरिष्ठ नागरिकों के समग्र कल्याण, पुनर्वास एवं संरक्षण के लिये प्रदेश में वरिष्ठ आश्रमों की स्थापना कर संचालन किया जा रहा है। इन वरिष्ठ आश्रमों में उपेक्षित, निराश्रित एवं जरूरतमंद वरिष्ठजनों को आश्रय, भरण–पोषण, चिकित्सकीय परीक्षण, उपचार एवं मनोरंजन व पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वरिष्ठजनों को उनके जीवन के अंतिम पडाव में सम्मानपूर्वक जीवन जीने हेतु अवसर प्रदान किया जा सके।

माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 प्रदेश में 23 अगस्त 2008 से प्रभावशील हैं। अधिनियम के अध्याय–3 में धारा–19 की उपधारा (1) एवं (2) के अंतर्गत वरिष्ठ आश्रमों की स्थापना करने का प्रावधान नीहित है।

प्रदेश में अशासकीय संस्थाओं, पंचायतीराज संस्थाओं, स्थानीय निकायों के माध्यम से **79** वरिष्ठ आश्रम संचालित हैं। सूची परिशिष्ट में दर्शित है।

नेशनल एक्शन प्लान फार सीनियर सिटीजन (NAPSrC)

भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नेशनल एक्शन प्लान फार सीनियर सिटीजन अंतर्गत समेकित वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (IPSrC) की उप योजना अटल वयो अभ्युदय योजना अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिक गृहों का अनुरक्षण व संचालन, अल्जाइमर्स डिमेंशिया बीमारी से पीडित वरिष्ठ नागरिकों के लिये सतत देखभाल गृह, फिजियोथेरेपी क्लिनिक, क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में संवेदनशीलता जागृति कार्यक्रम, वरिष्ठजनों के लिये जागरूकता सृजन कार्यक्रम के लिये 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता हैं।

माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 का क्रियान्वयन

- माता–पिता और वरिष्ठ नागरिको का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 प्रदेश में 23 अगस्त 2008 से प्रभावशील।
- उक्त अधिनियम के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा म0प्र0 माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियम 2009, अधिसूचना दिनांक 2 जुलाई 2009 से प्रभावशील।

- धारा 7 (1) के तहत प्रदेश के समस्त जिलो के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय भरण–पोषण अधिकरण घोषित है।
- धारा 15 (1) के तहत प्रत्येक जिले में जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट अपील अधिकरण घोषित है।
- धारा 18 (1) के तहत सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के समस्त जिला अधिकारी, भरण पोषण अधिकारी के रुप में पदाभिहित घोषित है।

अधिनियम के मुख्य उद्देश्य

- वे अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक, जो कि अपने आयु अथवा अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से अपना भरण पोषण करने में असमर्थ हैं, वे अपने व्यस्क बच्चों अथवा संबंधितों से भरण पोषण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अभिभावक में सगे और दत्तक माता–पिता और सौतेले माता और पिता सम्मिलित हैं।
- प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का है, वह अपने संबधितों से भी भरणपोषण की मांग कर सकता है, जिसका उनकी संपत्ति पर स्वामित्व है अथवा जो कि उसकी संपत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं ।
- वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं परित्याग एक संज्ञेय अपराध है, जिसके लिये रुपये 5000/– का जुर्माना या तीन माह की सजा या दोनों हो सकते हैं।
- अधिकरण द्वारा मासिक भरणपोषण हेतु अधिकतम राशि रुपये 10,000/– प्रतिमाह तक का आदेश किया जा सकता है ।
- सभी शासकीय चिकित्सालयों में वरिष्ठ नागरिकों को बिस्तर उपलब्ध कराया जाता है तथा चिकित्सालयों में विशेष पंक्तियों का प्रबंध किया गया है।

अधिकरणों द्वारा निराकृत प्रकरण

- समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में गठित भरण–पोषण अधिकरण में कुल 367 प्रकरण दर्ज जिसमें से 212 निराकृत एवं 155 लंबित।
- जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट अपील अधिकरणों में कुल दर्ज प्रकरण 28 जिसमें से 20 निराकृत एवं 08 लंबित।

मध्यप्रदेश माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियम, 2009 (संशोधन)

- मध्यप्रदेश माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियम 2009 का नियम 21 में उप नियम (2) जोडकर, माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य परिषद् का गठन किया गया हैं।
- माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण नियम 2(1) में खण्ड (घ) के पश्चात् (घ क) में 'म.प्र. शासन के अधीन कार्यरत् शासकीय विभाग, अर्द्ध शासकीय उपक्रम, बोर्ड, निकायों के अधिकारी, कर्मचारी जो अपने माता–पिता की उपेक्षा करते हैं, ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन से 10 प्रतिशत या अधिकतम 10,000/– काटकर, भरण–पोषण भत्ता, आवेदक माता–पिता के बैंक खातें में जमा कराये जाने का प्रावधान किया गया है।

वरिष्ठजन हेतु Elder line (हेल्प लाईन)

भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वरिष्ठजनों हेतु टोल फ्री Elder line (हेल्प लाईन) नम्बर 14567 हेल्प एज इंडिया शाखा भोपाल के माध्यम से दिनांक 17 मई 2021 से संचालित है। प्रदेश में नेशनल हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजनों से संबंधित जानकारी, सुझाव, भावनात्मक सहयोग, दुर्घटना, दुर्व्यवहार से बचाव के लिये जानकारी प्रदान की जाती है। यह सेवा, बुजुर्गों की सहायता हेतु प्रातः 8:00 से सांय 8:00 बजे तक उपलब्ध है।

पेड ओल्ड एज होम की स्थापना

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आभिजात्य वर्ग के सक्षम एकाकी जीवन जीने वाले वरिष्ठजनों हेतु भोपाल में एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त पेड ओल्ड एज होम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 56 वरिष्ठजनों के सुरक्षित एवं सुविधाजनक रहने की सुविधा जिसमें वातानूकूलित कक्ष, लायब्रेरी, मनोरंजन कक्ष, प्रार्थना कक्ष, फिजीयोथेरेपी कक्ष, मेडीकल स्टोर, ए.टी.एम. जैसी अनेक सुविधाऐं होगी। पेड ओल्ड एज होम लिंक रोड नम्बर 3 पर पांच एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसकी लागत राशि रूपये 10.83 करोड़ होगी।

नशामुक्ति कार्यक्रम

समाज में नशा सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति, खासकर युवा वर्ग को नशे की लत से दूर करने के लिये प्रचार–प्रसार के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को बताया जाकर, नशामुक्ति के लिये वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस हेतु कलापथक दलो के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कलामण्डलियों, स्वैच्छिक संस्थाओं, विद्यालयो, महाविद्यालयों के माध्यम से जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

नशामुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत, 31 मई 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस', 26 जून 'अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' 2 से 8 अक्टूबर 'मद्य निषेध सप्ताह' तथा 30 जनवरी को 'संकल्प दिवस' का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया गया। इस अवसर पर कोविड–19 के तहत जारी गाइड लाइन के दृष्टिगत ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिताएं, वर्चुअल व्याख्यान, वेवीनार, व्हाटसअप, फेसबुक, ट्विटर पर संदेश आदि कार्यक्रम आयोजित कराये गये है।

नशामुक्ति के लिये सघन प्रचार प्रसार का कार्य करने के लिये विभागीय मान्यता प्राप्त 205 स्वैच्छिक संस्थाएँ कार्यरत् हैं। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं को नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र की स्थापना/संचालन के लिये 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। प्रदेश में 17 नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र (Integrated Rehabilitation Centre for Addicts (IRCA)) संचालित है। 09 आउटरीच एण्ड ड्रॉप इन सेंटर (Out Reach Drop In Centre (ODIC)) तथा 03 कम्युनिटी वेस्ड पीयर–लेड इंटरवेंशन सेंटर (Community Based Peer-Led Intervention (CPLI)) संचालित है। सूची संलग्न है।

भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशीली दवा की मांग में कमी लाने हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना अंतर्गत दिनांक 15 अगस्त 2020 से 15 अगस्त 2022 तक ''नशामुक्त भारत अभियान'' देश के 272 जिलो में क्रियान्वित हैं जिसमें मध्यप्रदेश के 15 जिले यथा भोपाल, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, इन्दौर, उज्जैन, सागर, नर्मदापुरम, दतिया, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सतना, एवं छिन्दवाडा सम्मिलित किये गये हैं।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशामुक्ति के लिए ई–शपथ "जिन्दगी को हाँ और नशे को ना कहें" संकल्प जन आन्दोलन के रूप में चलाया जा रहा है। ई–शपथ लेने के उपरांत गृह मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र भी जारी किया जा रहा है। प्रदेश में 4.6 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा ई–शपथ ली गई है।

कलापथक कार्यक्रम

